# ऑटो रिक्शा के परमिट बढ़ाने की मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन

**बीकानेर,** (कासं)। इंटक नेता हेमंत किराडू, समीर खान के नेतृत्व में ऑटो चालकों की समस्याओं के समाधान के साथ फिटनेस सेंटर की उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर यहां कलेक्ट्रेट चौखट के पास नारेबाजी कर प्रदर्शन किया गया।

किराडू ने चेतावनी दी कि यदि

**■ मांगें नहीं मानने पर इंटक ने दी चक्का जाम की चेतावनी**

शीघ्र ही ऑटो चालकों की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो चक्काजाम किया जायेगा। किराडू ने बताया कि बीकानेर में ऑटो रिक्शा के अलावा कोई भी साधन यातायात का नहीं है। जबकि राज्य के अन्य शहरों में नगर बस सेवा का चलन है लेकिन यहां नहीं होना भी दुर्भाग्यपूर्ण है। लेकिन वर्ष-2004 में जनसंख्या 2 लाख के आधार पर ऑटो रिक्शाओं के परमिट 4 हजार सम्मिट किए गए। उसके बाद अब बीकानेर के 36 ग्राम नगर विकास न्यास क्षेत्र में आने से शहर की जनसंख्या 14 लाख हो गई लेकिन अभी तक ऑटो रिक्शाओं के परमिट का स्कॉप अभी तक नहीं बढ़ा है।

वहीं शिकायत यही की जाती है कि ऑटो रिक्शा के कागजात सही नहीं है जबकि कागजात तो सही ही है, 95 प्रतिशत एल.पी.जी. एवं इलेक्ट्रोनिक रिक्शा पांच प्रतिशत यूरो-6 जो भारतीय परिवहन मंत्रालय के मापदण्ड के अनुसार प्रदूषण रहित है उनके खिलाफ शिकायत की जाती है। जो कि ऑटो चालकों के खिलाफ कुठाराघात है।

किराडू ने कलेक्टर के नाम प्रेषित ज्ञापन में बताया कि सर्वे करवाकर जांच कराई जानी चाहिए। डीजल के ऑटो रिक्शा बहुत ही कम है। यूनियन उनको ऑन रोड हटाने के लिए प्रयत्नशील भी है। वहीं निजीकरण के कारण बीकानेर में पांच फिटनेस सेंटर है जो ऑटो चालकों से लेकर सभी वाहन चालकों से दस गुणा फीस वसूल की जा रही है। इसकी जांच के लिए कमेटी बनाई जानी चाहिए। किराडू ने बताया कि वर्ष-2004 में डीजल ऑटो रिक्शा मॉडल कंडीशन में आये थे। उनके परमिट आज भी बीकानेर आरटीओ कार्यालय में पड़े है। साथ ही साथ मीटरगेट से ब्रॉडगेज बने रेलवे प्लेटफार्म 1 से 6 हो गए उन पर भी ऑटो रिक्शा स्टैण्ड निर्धारित किए जाने चाहिए। किराडू ने बताया कि आज प्रदर्शन करने वालों में कैलाश जोशी, समीर, जाकिर पड़िहार, ओम चौधरी, किशोर, राजाराम बिश्नोई, नीरज शर्मा सहित अनेक मौजूद थे।



**बीकानेर में इंटक नेता हेमंत किराडू व समीर खान के नेतृत्व में ऑटो चालकों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।**

## एस.के.आर.ए.यू. में दीक्षारंभ समारोह

**बीकानेर,** (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर के कुलपति डॉ अजीत कुमार कर्नाटक व विशिष्ट अतिथि कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के पूर्व कुलपति डॉ जे.एस. संधू थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसकेआरएयू कुलपति डॉ अरूण कुमार ने की।

मुख्य अतिथि एमपीएयूएटी कुलपति डॉ अजीत कुमार कर्नाटक ने कहा कि स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय की उच्च प्रतिष्ठा है। यहां से पढ़ लिखकर गए युवा देश विदेश में परचम लहरा रहे हैं। यहां शिक्षा पाने का सुनहरा अवसर मिला है। उन्होने कहा कि अब विद्यार्थियों को कंफर्ट जोन छोड़ना होगा। टीम भावना के साथ आगे बढ़ना सीखना होगा।

सिलेबस के अलावा अन्य किताबें पढ़कर खूब ज्ञानी बनना है लेकिन घमंड नहीं करना है। डॉ जे.एस. संधू ने कहा कि भारत माता की जय कर्मों के साथ करनी होगी। भारत माता की जय तभी होगी जब हम अपने चारों और साफ- सफाई रखेंगे। समय पर कक्षाओं में आएं, तैयारी के साथ आएं और कक्षाओं में प्रश्न पूछने से ना झिझकें। कोई भी प्रश्न अपने साथ लेकर ना जाएं।

## नशा तस्कर को 5 साल की सजा

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। प्रतिबंधित घटक की गोलियों की तस्करी का दोषी पाये जाने पर एक युवक को 5 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई। दोषी पाए गए युवक पर 50 हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया गया है।

यह निर्णय एनडीपीएस मामलों की विशेष अदालत के न्यायाधीश अजयकुमार भोजक ने सुनाया। इस मामले में सह आरोपी बाल अपचारी के खिलाफ सुनवाई किशोर न्याय बोर्ड न्यायालय में जारी है। एनडीपीएस कोर्ट के एसपीपी विजेंद्र कुमार घिंटाला ने बताया कि पक्की गांव निवासी 26 वर्षीय कालासिंह पुत्र धन्नासिंह को एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22 का दोषी करार देते हुए सजा सुनाई गई है। यह मामला हिन्दुमलकोट थाने में 13 सितम्बर 2017 को दर्ज किया गया था। बीएसएफ की 193 वीं बटालियन के तत्कालीन असिस्टेंट कमांडेंट संजय सिंह की सूचना पर पुलिस ने गश्त के दौरान पक्की-कोठा रोड पर मोटरसाइकिल स्पलेंडर प्लस पर दो लड़कों को अपनी ओर आते रोका। इनकी तलाशी ली गई।

बाइक चला रहे किशोर से 305 तथा पीछे बैठे पक्की निवासी कालासिंह के पास से 847 नशे की गोलियां बरामद की गई। न्यायालय ने मामले की सुनवाई के बाद कालासिंह को नशे की गोलियों की तस्करी का दोषी करार देते हुए 5 साल कठोर कैद और 50 हजार रूपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना नहीं चुकाने की स्थिति में उसको 3 महीने के लिए अलग से जेल काटनी होगी।

## सार-समाचार

### नशा के नुकसान बताये



**नशा मुक्ति अभियान पर राजकीय विधि महाविद्यालय में कार्यशाला को डॉक्टर अविनाश झांझरिया ने संबोधित किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। राजकीय विधि महाविद्यालय बीकानेर में नई किरण नशा मुक्ति अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ भगवान राम बिश्नोई ने इस कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य केन्द्र और राज्य सरकारों तथा गैर सरकारी संगठनों शिक्षण संस्थानों के सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से जागरूकता सृजन एवं मादक द्रव्यों पर निर्भरता वाले व्यक्तियों के उपचार और पुनर्वास पर ध्यान केंद्रित करना है। इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता डॉक्टर अविनाश झांझरिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संपूर्ण एडिक्शन साइकल के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नशे की लत धीरे-धीरे बढ़ती है अपितु कम नहीं होती। उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों पर भी प्रकाश डालते हुए बताया कि इसके शारीरिक व मानसिक दुष्प्रभाव होते हैं जिससे लीवर व पेनक्रियाज संबंधी बीमारियां डायबिटीज आदि का खतरा बढ़ जाता है। इसी क्रम में कार्यक्रम के अंत में डॉक्टर अविनाश ने विद्यार्थियों के विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देते हुए उनकी जिज्ञासाओं का निराकरण किया। नई किरण नशा मुक्ति केंद्र की नोडल अधिकारी एवं महाविद्यालय की सहायक आचार्य डॉक्टर रितु चौधरी ने इस अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यशाला के माध्यम से महाविद्यालय में नशा मुक्ति विषय विशेषज्ञ, अनुभवी चिकित्सकों सामाजिक संगठनों तथा समाज सेवा में विशेष अनुभव रखने वाले लोगों के द्वारा व्याख्यानों एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की सहायक आचार्य डॉ रेखा आचार्य ने किया।

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर आज

**बीकानेर,** (कासं)। विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर गुरुवार को राजकीय जिला चिकित्सालय में निःशुल्क शिविर का आयोजन किया जाएगा। राजकीय जिला अस्पताल के अधीक्षक डॉ सुनील हर्ष ने बताया कि आमजन में मधुमेह के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'डायबिटीज एंड वेल बींग' थीम के साथ विश्व मधुमेह दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मधुमेह, उक्त रक्तचाप तथा तीन कॉमन कैंसर से संबंधित बचाव की जानकारी आमजन को दी जाएगी तथा स्वस्थ जीवन शैली के लिए स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन किया जायेगा। शिविर में जिला चिकित्सालय के एनसीडी प्रभारी डॉ संजय खत्री एवं विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा रोगियों की जांच की जायेगी तथा गैर संचारी रोगों की जानकारी एवं आवश्यक उपचार उपलब्ध करवाए जाएंगे। शिविर के दौरान हाईपरटेंशन, डायबिटिज सबंधित स्क्रीनिंग कर बचाव एवं उपचार के बारे में बताया जायेगा। शिविर में डॉ. बी.के तिवारी, डॉ. राजश्री चालिया, डॉ. रमाकान्त बिस्सा, डॉ. इशिका, डॉ. रश्मि जैन, डॉ. इन्दु दायमा एवं अन्य चिकित्सक के द्वारा शिविर में अपनी सेवाएं देंगे। शिविर में एनसीडी इकाई से पुनीत कुमार रंगा, सौरभ पुरोहित, गिरधर गोपाल, उमेश पुरोहित, ऋषि गहलोत ईसीजी टैक्नीशियन का सहयोग रहेगा।

### ज्योति का कार्यक्रम आयोजित

**उदयपुरवाटी** । निसं।शहर के गौरव पथ पर वार्ड नंबर 2 में मंगलवार की रात्रि को सांवरिया सेवा संस्थान की ओर से खाटू वाले श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर ज्योति का कार्यक्रम आयोजित हुआ। ज्योति के कार्यक्रम में श्याम बाबा का अलौकिक श्रृंगार कर विशाल झांकी सजाई गई। बाबा श्याम को 56 भोग अर्पित किए गए। सांवरिया सेवा संस्थान के सदस्य प्रमोद तंवर व बजरंगलाल मिस्त्री के आचार्यत्व में तथा हरलाल सिंह सैनी व मनीषा सैनी के मुख्य यजमानत्व में श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम की पूजा अर्चना कर व ज्योत लेकर राष्ट्र एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। भक्तों ने बाबा श्याम के जयकारे लगाए। स्थानीय श्याम भक्त कालूराम सैनी सहित अन्य कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। ज्योति के कार्यक्रम में एडवोकेट मोतीलाल सैनी, भागीरथ मल सैनी, पार्षद महेंद्र तंवर, ताराचंद सैनी, महेश सैनी, भोलाराम सैनी, मनोज सैनी, ओमपाल सिंह तंवर, शैतान सिंह, सुरेश मिस्त्री, ओमप्रकाश सैनी, बीरबल मिस्त्री, मुकेश गिजावरा, शिवपाल सैनी रूपावाला, सुभाष सैनी, मनोज मिस्त्री सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे ।

### बूथों पर तीसरी नजर से हुई मॉनेटरिंग

**झुंझुनूं** ।उप चुनावों को लेकर पुलिस और प्रशासन चुस्त दुरूस्त रही तो साथ ही तीसरी आंख, यानि कि सीसीटीवी कैमरों के जरिए भी 263 में से 145 मतदान केंद्रों पर नजर रखी गई। आधे से ज्यादा मतदान केंद्रों पर वेब कास्टिंग से नजर रखी गई। कंट्रोल रूम में सूचना एवं प्रोद्योगिक विभाग के सहायक निदेशक घनश्याम गोयल अपनी टीम के साथ लगे रहे। घनश्याम गोयल ने बताया कि चार टीमें कंट्रोल रूम में लगाई गई। एक टीम के जिम्मे 40 से 45 मतदान केंद्र रहे। जो मतदान केंद्रों की गतिविधियों को मॉनिटर करते रहे। उन्होंने बताया कि किसी भी मतदान केंद्र पर कोई गड़बड़ी दिखी। तो उसकी तुरंत सैकंडों के हिसाब से जानकारी हासिल की गई। इसके बाद नायब तहसीलदार के नेतृत्व में एक एक्शन टीम भी थी। जो मिनटों में ही कार्रवाई करती रही। हालांकि छुट पुट घटनाओं को छोड़कर कोई बड़ी गड़बड़ी सामने नहीं आई। मतदान शांतिपूर्ण रहा। उन्होंने बताया कि कैमरे आदि खराब होने पर भी एक टेक्निकल टीम क्विक रेस्पोंस टीम के रूप में अलर्ट मोड पर रही। कुल मिलाकर पुलिस और प्रशासन के साथ तकनीकी माध्यमों से भी मतदान पर पूरी नजर रखी गई।

# अब प्रत्येक ग्राम पंचायतों में बनेंगी 'पंचायत पौधशाला'

**हनुमानगढ़,** (कासं)। बारिश के मौसम में पौधों के लिए अब पंचायतों को वन विभाग पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा। ग्राम पंचायतें स्वयं पौधारोपण के लिए आत्मनिर्भर बनेंगी। राज्य सरकार के निर्देशानुसार अब प्रत्येक ग्राम पंचायत में 'पंचायत पौधशालाएं' तैयार की जायेगी। सभी में 5-5 हजार से अधिक पौधे विकसित किए जायेंगे।

जिला कलेक्टर कानाराम ने बुधवार को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक की। उन्होंने सीईओ, एसीईओ और विकास अधिकारियों को पौधशाला कार्ययोजना को गति देने के निर्देश दिए। पौधशाला के लिए पंचायत समिति स्तर पर सहायक अभियंता ईजीएस और ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। ग्राम पंचायत स्तर पर खेल मैदान विकसित कर युवाओं को खेलों से जोड़ना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

जिला कलेक्टर के निर्देशन में 45 ग्राम पंचायतों में खेल मैदान विकसित किए जायेंगे। इसके लिए लगभग 368 लाख रूपए की वित्तीय स्वीकृतियां जारी की गई हैं। उन्होंने कहा कि खेल मैदान से ही नशा मुक्त हनुमानगढ़ की संकल्पना साकार होगी। इसलिए बिना देरी कार्यों को गति प्रदान करें। साथ ही भामाशाहों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से भी खेल मैदानों में सुविधाएं बढ़ाई जाए।

महात्मा गांधी नरेगा कार्यों में अब मेट की लापरवाही उन्हें ब्लैकलिस्ट करा सकती हैं। एनएमएमएस एप से दर्ज श्रमिकों की उपस्थिति पर ब्लॉक स्तर से नियमित निगरानी रखी जायेगी। जिला कलेक्टर ने उपस्थिति की जांच और निरीक्षण में आई कमियों पर नियमानुसार कठोर कार्यवाही के निर्देश दिए है।

उन्होंने कहा कि जिन कार्यों की मस्टररोल में अनियमितताएं पाई जाती है, उन अधिकृत मेट को ब्लैकलिस्ट किया जाकर उनकी आईडी भी डिलिट की जाए।




**हनुमानगढ़ कलेक्टर कानाराम ने ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित किया।**

## पुनीत रंगा को राष्ट्रीय पुरस्कार 16 को

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थानी हिन्दी के युवा साहित्यकार पुनीत कुमार रंगा आगामी 16 नवम्बर को राष्ट्रीय अदबी उड़ान संस्था द्वारा उदयपुर में बतौर बाल साहित्यकार के रूप में राष्ट्रीय पुरस्कार से एक भव्य समारोह के तहत सम्मान होगा।

संस्था के प्रतिनिधि हरिनारायण आचार्य ने बताया कि उदयपुर में साहित्य अकादमी के सभागार में अदबी उड़ान संस्था का वर्ष 2024 के राष्ट्रीय पुरस्कार एवं सम्मान का समारोह 16 नवम्बर को प्रातः 11 बजे होगा, जिसमें अतिथियों द्वारा रंगा को माला, शॉल, मेवाड़ी पाग प्रतीक चिन्ह एवं सम्मान-पत्र अर्पित होगा। रंगा इससे पूर्व राजस्थान की बाल साहित्य अकादमी से विष्णु प्रसाद चतुर्वेदी पुरस्कार से सम्मानित है। रंगा की बाल साहित्य की पुस्तकें 'आजादी की अलख', विज्ञान आस-पास एवं नाटक 'मुगती' काफी चर्चित रहे है। आपकी दो राजस्थानी काव्य कृतियां भी प्रकाशित हो चुकी है और उनकी काव्य कृति 'मुगत आभौ' पर राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी का प्रेम जी प्रेम पुरस्कार से भी पुरस्कृत है।

## जहरीले स्प्रे के खाली डिब्बे से पानी पीने से लड़की की मौत

**नोखा,** (कासं)। जहरीले स्प्रे के खाली डिब्बे से पानी पीने से एक लड़की की मौत हो गई।

दावां निवासी भैराराम ने इस संबंध में नोखा थाने में रिपोर्ट दी है। भैराराम ने बताया कि वह देसलसर की रोही में ट्यूबवैल पर काश्त करता है। खेत में ही ढाणी बनी है। 8 नवम्बर को उसकी पुत्री स्वरूप (15) ने अनजाने में ढाणी में पड़े जहरीले स्प्रे के डिब्बे से पानी पी लिया। इससे उसका स्वास्थ्य गिर गया। उसे इलाज के लिए बीकानेर पीबीएम अस्पताल भर्ती करवाया गया। जहां सोमवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

**■ देसलसर की रोही की ढाणी में खेत में पड़े जहरीले स्प्रे के डिब्बे से अनजाने में पानी पीने से लड़की की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई**

वहीं पदमपुर में 5 नवम्बर को पहले टैक्सी स्टैंड पर 2 टैक्सी ड्राइवरों के बीच झगड़े के बाद घायल हुए टैक्सी ड्राइवर की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस पर पुलिस ने मामले में हत्या की धारा जोड़ते हुए आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 5 नवम्बर को पदमपुर कस्बे में टैक्सी ड्राइवर ओमप्रकाश और जगमिंद्र उर्फ जग्गू में किराए को लेकर विवाद हो गया था। इस पर जगमिंद्र ने ओमप्रकाश के सिर पर लोहे की रॉड दे मारी। इससे ओमप्रकाश गंभीर घायल हो गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

इस पर पुलिस ने मामले में हत्या की धारा जोड़ते हुए आरोपी जगमिंद्र उर्फ जग्गू को गिरफ्तार कर लिया। ओमप्रकाश पदमपुर के वार्ड छह का रहने वाला था। जबकि जगमिंद्र गांव चार एनएन में रहता है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। इस मामले से जुड़े कई अन्य तथ्यों को भी खंगाला जा रहा है।

## नहर से दो नाबालिग बच्चियों के शव बरामद

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जोडकियां गांव से तीन दिन पहले लापता हुई दोनों नाबालिग बच्चियों के शव पीलीबंगा क्षेत्र में नहर की टेल से बरामद हुए हैं। मृतक बच्चियां दसवीं कक्षा में पढ़ती थी और दोनों सहेली थी।

**■ जोडकियां गांव से तीन दिन पहले लापता हुई थी दोनों नाबालिग**

पुलिस ने शवों को नहर से निकलवा कर शाम करीब 5 बजे पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया। जांच में सामने आया कि दोनों बच्चियों के हाथ आपस में बंधे हुए मिले थे। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी हुई है कि बच्चियों ने आत्महत्या की है या हत्या हुई है। सीओ सिटी मीनाक्षी ने बताया कि बच्चियों के नहर में गिरने की आशंका पर नागरिक सुरक्षा आपदा प्रबंधन और गोताखोरों की टीम बुलाई गई थी। गहन तलाश के बावजूद सार्दुल ब्रांच में शव नहीं मिले थे। फिर सूचना मिली कि पीलीबंगा टेल के पास दो बच्चियों के शव देखे गए। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच पर शवों को निकालवाया। पुलिस मृतक बच्चियों के स्कूल में जांच करेगी।

## सड़क पर रपटा नहीं बनाने से ग्रामीण परेशान

**खिरोड़।** बसावा गांव में हाल ही में पीडब्ल्यूडी की देखरेख में संबंधित ठेकेदार द्वारा मुख्य बस स्टैंड पर बनाई गई सीमेंट सड़क पर खिरोड़ मोड़ पर रपटा नहीं बनाए जाने से वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही है। बसावा गांव के ग्रामीणों ने बताया कि खिरोड़ मोड़ पर बनाई गई सीमेंटेड सड़क का लेवल ऊंचा रहने एवं खिरोड़ की तरफ जाने वाली सड़क का लेवल नीचा रहने पर सड़क से नीचे उतरने के लिए रपटा बनाए जाने की आवश्यकता थी। मगर संबंधित ठेकेदार द्वारा रपटा नहीं बनाए जाने से आए दिन वाहन चालकों को परेशानी होने लगी है।

# अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार, फरार तस्कर पकड़ा

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। पुरानी आबादी पुलिस ने एक युवक को हथियार सहित पकड़ा है। दूसरे युवक को हथियारों की तस्करी के पुराने मामले में फरारी के दौरान काबू किया है।

एसएचओ अजय कुमार ने बताया कि आरोपी उदाराम चौक के निकट निवासी 30 वर्षीय चमनप्रीत सिंह पुत्र गुरशरण सिंह छिंपा को अवैध पिस्टल सहित पकड़ा है। यह कार्रवाई हैड कांस्टेबल कमलेश कुमार तथा स्टाफ ने गश्त के दौरान रात को की। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 में मुकदमा दर्ज किया गया है।


**■ हथियार सप्लाई के फरार चल रहे एक आरोपी को भी पकड़ा**

मामले की जांच एसएचओ अजय कुमार स्वयं कर रहे हैं। आरोपी को शनिवार को अदालत में पेश किया गया। आरोपी से हथियार की खरीद के बारे में पूछताछ की जाकर जानकारी जुटाई है। एसएचओ अजय कुमार ने बताया कि हथियार सप्लाई के फरार चल रहे एक आरोपी को भी पकड़ा गया है। आरोपी 9 एलएनपी निवासी मुकेश उर्फ राघव पुत्र गोविंदराम को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई में डीएसटी प्रथम प्रभारी रामविलास बिश्नोई की टीम की विशेष भूमिका रही। आरोपी जिससे हथियार खरीदकर लाया था, उसके बारे में पूछताछ की जाकर जानकारी जुटाई गई है। आरोपी ने रवि चौक शक्तिनगर गली नंबर एक निवासी 23 वर्षीय कृष्ण अरोड़ा उर्फ मोंटी पुत्र नरेश कुमार को पिस्टल बेचा था। कृष्ण अरोड़ा को रात को हैड कांस्टेबल कमलेश कुमार ने उक्त अवैध पिस्टल के साथ पकड़ा था।

# प्लास्टिक से होने वाले हानिकारक दुष्प्रभावों व जानलेवा कैंसर के बारे में जानकारी दी

**बीकानेर,** (कासं)। सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बीकानेर के तहत 13 नवम्बर को बाल सप्ताह के उपलक्ष में श्री जैन पब्लिक स्कूल बीकानेर के प्रार्थना सभा प्रांगण में महावीर इंटरनेशनल संस्था द्वारा 'कपड़े की थैली मेरी सहेली' अभियान के अन्तर्गत पर्यावरण जनजागृति अभियान-सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बीकाणा विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई।

महावीर इंटरनेशनल संस्था के सदस्यों का अभिनंदन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ- मोनिका सैनी द्वारा प्लास्टिक से होने वाले हानिकारक दुष्प्रभावों व कैंसर आदि जानलेवा बीमारियों तथा तंबाकू निषेध अभियान से अवगत कराया गया। प्लास्टिक मुक्त बीकाणा बनाने के लिए समस्त विद्यार्थियों व शाला सदस्यों को कपड़े की थैलियां वितरित की गई। जिससे स्वच्छता का यह संदेश जन-जन तक पहुंच सके। कार्यक्रम के दौरान प्रश्नावली के उत्तर देने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।



**बीकानेर के जैन पब्लिक स्कूल में सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बीकाणा अभियान में विद्यार्थियों को कपड़े के थैले वितरित किए।**

शाला अध्यक्ष विजय कुमार कोचर ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को नवीन खोज के प्रति प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमें प्लास्टिक का विकल्प खोजने पर अनुसंधान करने की आवश्यकता है ताकि यह प्लास्टिक पूर्णतया समाप्त हो सके। विद्यालय प्रधानाचार्या रूपश्री सिपानी ने समस्त विद्यार्थियों को विज्ञान के 4- का महत्व बताते हुए इस कार्यक्रम को गति दी। शाला सचिव सीए माणक कोचर, सी.ई.ओ सीमा जैन ने स्वच्छ बीकानेर

**■ सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बीकाणा विषय पर संगोष्ठी आयोजित**

अभियान के तहत 'कपड़े की थैली मेरी सहेली' तथा प्लास्टिक मुक्त बीकानेर' अभियान को आत्मसात करते हुए महावीर इंटरनेशनल संस्था का जैन पब्लिक स्कूल में इस कार्यक्रम का सफल संचालन के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में महावीर इंटरनेशनल बीकानेर केन्द्र से वीर प्रवीण मित्तल, गंगाशहर केन्द्र से वीर टोडरमल चौपड़ा, वीर चन्द्र कुमार राखेचा, बीकाणा वीरा केन्द्र से कार्यक्रम प्रभारी वीरा भारती गहलोत, वीरा श्रुति बोथरा, वीरा मनीषा डागा, गंगाणा वीरा केन्द्र से वीरा रक्षा बोथरा, वीरा सरिता नाहटा, वीरा मंजू गुलगुलिया, वीरा अंजू गुलगुलिया, बीजेपी गंगाशहर ब्लॉक अध्यक्ष जेठमल नाहटा मौजूद थे।

# किसानों के फीडबैक पर शोध परिणामों पर मंथन

**बीकानेर,** (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय की शोध सलाहकार समिति की बैठक कुलपति डॉ अरूण कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

मानव संसाधन विकास निदेशालय में आयोजित इस बैठक में महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर के कुलपति डॉ अजीत कुमार कर्नाटक व श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के पूर्व कुलपति डॉ जीत सिंह संधू विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित अतिथि थे। विकासशील किसान मुंशीराम व कुशाल सिंह सोढा विशेष आमंत्रित अतिथि थे। बैठक में रबी सीजन के लिए किसानों के फीडबैक पर आधारित शोध कार्यक्रमों और परिणामों पर मंथन किया गया।

बैठक में एमपीएयूएटी कुलपति डॉ अजीत कुमार कर्नाटक व एसकेआरएयू कुलपति डॉ अरूण कुमार ने कृषि तकनीकों के अधिकाधिक पेटेंट लेने पर जोर दिया। वहीं कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के पूर्व कुलपति डॉ जीत सिंह संधू ने क्षेत्र की समस्याओं के आधार पर शोध कार्य करने का आव्हान किया। इससे पूर्व बैठक का प्रारंभ अनुसंधान निदेशक डॉ विजय प्रकाश के द्वारा शोध उपलब्धियों का ब्यौरा प्रस्तुत कर किया गया। साथ ही उनके द्वारा गत शोध सलाहकार समिति की बैठक के सुझावों पर कार्यवाही विवरण प्रस्तुत किया गया। बैठक में कृषि अनुसंधान केंद्र श्रीगंगानगर के क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान डॉ बी. एस. मीणा, कृषि अनुसंधान केन्द्र बीकानेर के क्षेत्रीय निदेशक डॉ एच. एल. देशवाल ने किसानों की समस्या पर आधारित शोध परिणामों को प्रस्तुत किया।



**एस.के.आर.ए.यू. में शोध सलाहकार समिति की बैठक को कुलपति प्रो. अरूण कुमार ने संबोधित किया।**